आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 24.08.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- विशेष ज़िला परामर्श समिति की बैठक में ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने बैंकों से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों और सरकारी योजनाओं को प्राथमिकता देने को कहा।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने कल मोहनपुर गांव का दौरा किया और समुदाय की चिंताओं का समधान किया।
- वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में अग्रिम स्वचालित पार्किंग प्रणाली शुरू की गई है।
- विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय सह मंत्री सचिन्दर नाथ सिन्हा ने कहा कि संगठन का उददेश्य देश और समाज की सुरक्षा और उन्नति में सहयोग प्रदान करना है।
- अंडमान निकोबार पुलिस ने चार करोड़ रूपये मूल्य की हेरोइन की बड़ी खेप ज़ब्त करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><>

वार्षिक ऋण योजना दो हजार चौबीस और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए हाल ही में दक्षिण अंडमान ज़िले की जून तिमाही के लिए विशेष ज़िला परामर्श समिति और ज़िला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक पोर्ट ब्लेयर में हुई। ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने बैकों से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों और महत्वाकांक्षी योजनाओं को ज्यादा प्राथमिकता देने को कहा, ताकि ग्रामीण जनता इन योजनाओं का लाभ उठा सके। उन्होंने बैकों से वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित करने के दौरान साइबर धोखाधड़ी और वित्तीय धोखाधड़ी जैसे विषयों को भी शामिल करने को कहा। ज़िले की ऋण जमा अनुपात छियासठ दशमलव एक सात प्रतिशत है। ज़िला उपायुक्त ने साठ प्रतिशत से नीचे सी डी अनुपात वाले बैकों को सलाह दी कि वे इसमें सुधार करें। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धार्थ गुप्ता ने उपस्थिति का स्वागत किया और बैठक की जानकारी दी।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने कल मोहनपुर गांव का दौरा किया और समुदाय की चिंताओं का समधान किया। दौरे के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों और पंचायती राज संस्थाओ के

सदस्यों से गांव से संबंधित कई मामलों पर बातचीत की। ग्रामवासियों ने वार्ड नम्बर छः में पुल का निर्माण करने, सरकारी स्कूल का दर्जा बढ़ाने, पुराने बिजली के खंभों को बदलने और गांव में मनरेगा कार्यों को स्वीकृति देने का अनुरोध किया। पानी की समस्या पर ज़िला उपायुक्त ने गांव में दो तालाब के निर्माण करने का निर्देश दिया। स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल की सीमाओं में घेराबंदी करने का भी निर्देश दिया।

<><><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में अग्रिम स्वचालित पार्किंग प्रणाली शुरू की गई है। सेंसर आधारित बूम बैरियर, सी सी टी वी, स्वचालित टिकट से लैस इस प्रणाली से यात्रियों और आगंतुकों को पार्किंग के लिए एक नया अनुभव प्राप्त होगा और इससे मानवीय हस्तक्षेप को कम किया जा सकेगा। हवाई अड्डा निदेशक देवेन्दर यादव ने कहा कि इससे यात्रियों को और वाहन चालकों को भी काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि डी जी यात्रा नामक एक अन्य परियोजना भी शुरू की जाने वाली है और इससे भी हवाई अड्डे के विभिन्न चेक बिन्दुओं पर यात्रियों के आवाजाही को सुगम्य बनाया जा सकेगा। वाहनों और उनकी पार्किंग की अवधि के हिसाब से नई दरें तय की गई है।

<><><><><><><>

तमिलनाडू, पुदुचेरी और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह एन सी सी निदेशालय के उप–महानिदेशक कमोडोर एस. राघव ने राज निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। इनके अलावा आई एन एस जारवा के कमांडिंग ऑफिसर कमोडोर के. श्रीवास्तव ने भी पदभार संभालने के बाद उप–राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात की।

<><><><><><><>

डीब्रेट के सभागार में कल द अंडमान ऐलिफेंट अनिगमा शीर्षक से वृत्तचित्र का विशेष शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र, प्रधान मुख्य वनपाल संजय कुमार सिन्हा और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने वृत्तचित्र के निदेशक से मुलाकात कर उनके कार्यों की प्रशंसा की। फिल्म के निदेशक फिलिपे गॉटियर ने द्वीपों में इस फिल्म की शूटिंग के लिए अनुमति देने के लिए प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। इस वृत्तचित्र में अंडमान हाथियों के इतिहास और द्वीपों में इनके आगमन की झलक पेश की गई है।

<><><><><><><>

विश्व हिन्दू परिषद की साठवें स्थापना दिवस पर सष्टिपूर्ति वर्ष समारोह के अवसर पर आज पोर्ट ब्लेयर के वनवासी कल्याण आश्रम में पत्रकार वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसको संबोधित करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय सह मंत्री सचिन्दर नाथ सिन्हा ने कहा कि ये संगठन विश्व के बत्तीस देशों में फैला हुआ है। हमारा उददेश्य देश और समाज की सुरक्षा और उन्नति में सहयोग प्रदान करना है। हम अपने समाज की अस्मिता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश के एक लाख गांव में समिति स्थापित करने पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्नता और समरसता के बीच एकजुटता कायम करना हमारा लक्ष्य है। आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को सहयोग देना और बच्चों में संस्कार उत्पन्न करना भी हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हमें समाज में जात–पात की भावना को खत्म करना है। धरती हमारी मां है और इसकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। श्री सिन्हा ने कहा कि समाज भयमुक्त हो। लोग किसी के बहकावे में न आए और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखते हुए देश के विकास में अपना योगदान दें। विश्व हिन्दू परिषद की द्वीपसमूह इकाई के अध्यक्ष ब्रिजेश पांडे ने कहा कि उनतीस अगस्त उन्नीस सौ चौंसठ को इसकी स्थापना हुई थी। पूरे भारत में इस सिलसिले में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। द्वीपों मे भी बच्चों के लिए साठ से अधिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी हेरोइन ज़ब्त की है, जिसका मूल्य करीब चार करोड़ रूपये है और इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सूचना के आधार पर अपराध और आर्थिक अपराध पुलिस थाने की टीम ने थाना प्रभारी गिरीश कुमार और अन्य पुलिस कर्मियों के सहयोग से डॉलीगंज में सुशंकर दास नामक एक व्यक्ति के किराए के घर पर छापा मारा और इसके पास से चार सौ पैंतीस ग्राम हेरोइन ज़ब्त किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने सह–आरोपी स्वदेश नगर के शांतिपुर नम्बर–दस में रहने वाले किरण चन्द्र हलदार और मुख्य आपूर्तिकर्ता किशोर हलदार, जो कर्टबर्ट बे का निवासी है, इनका नाम लिया। बाद में पुलिस के अन्य टीम एस. आई साज़ी मैथ्यू के नेतृत्व में बिल्लीग्राउंड और कर्टबर्ट बे गई और टीम ने इनके पास से चार सौ दस ग्राम हेरोइन बरामद किया। अब तक आठ सौ पैंतालीस ग्राम हेरोइन ज़ब्त किया जा चुका है। अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में इसकी कीमत चार करोड़ रूपये है।

<><><><><><><>

पार्षद धर्मेंद्र नारायण ने डॉलीगंज निवासी अंगम्मा के निधन पर शोक प्रकट किया है। वे पचहत्तर वर्ष की थी। शव यात्रा कल दिन में साढ़े दस बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

उधर, पार्षद अमर देवी ने आईलैंड इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल डेवलपमेंट के निदेशक और डॉलीगंज निवासी छियहत्तर वर्षीय एम कृष्णामाचारी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की है। शव यात्रा कल दिन में साढ़े ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

जन संवाद प्रयासों के तहत दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने कोलिनपुर ग्राम पंचायत का दौरा किया। पंचायत की ओर से इस क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज़िला पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र के मछुआरा समुदाय से भी मुलाकात की, जिन्होंने दैनिक कार्य में उनके समक्ष आ रही समस्याओं से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। बाद में श्रीमती निहारिका भट्ट ने ओग्राब्राज पुलिस थाने का निरीक्षण किया और थाने के अधीन विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों से भी बैठक की। इसका उद्देश्य लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल करना था।

<><><><><><><>

विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम वी स्वराजद्वीप के कल सुबह दस बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज में पचानब्बे यात्री सवार है।

<><><><><><><>